


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, गुरुवार, 19 फरवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 152 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया








# बिहार में सियासी संकट!

## 42 विधायकों पर लटकी तलवार, हाईकोर्ट ने भेजी नोटिस




**● पक्ष-विपक्ष दोनों के एमएलए शामिल, नामांकन के दौरान शपथ पत्र में तथ्य छिपाने का आरोप**

**पटना।** बिहार विधानसभा के 42 विधायकों को पटना हाईकोर्ट ने नोटिस भेजा है। इनमें पक्ष और विपक्ष दोनों के विधायक शामिल हैं। आरोप है कि इन लोगों ने नामांकन के दौरान जो शपथ पत्र भरे थे, उनमें कई तथ्य छिपाए। इतना ही नहीं कुछ विधायकों पर वोटिंग प्रक्रिया में अनियमितता का भी आरोप लगाया गया है। कुछ माह पहले चुनाव हारने वालों प्रत्याशियों ने याचिका दायर की थी। आज कोर्ट में इस मामले में सुनवाई हुई। इसके बाद कोर्ट ने इन 42 विधायकों से लिखित जवाब देने को कहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि लिस्ट में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार का भी नाम है। इनके अलावा मंत्री विजेंद्र यादव, पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा, जदयू विधायक चेतन आनंद, राजद विधायक अमरेंद्र प्रसाद समेत 42 विधायक शामिल हैं। कोर्ट की ओर से कहा गया है कि नामांकन के दौरान दाखिल किया गया शपथपत्र लोकतांत्रिक व्यवस्था का अहम हिस्सा है। वोटर्स को प्रत्याशियों की पृष्ठभूमि, संपत्ति और अन्य विवरणों की सही जानकारी मिलना चाहिए। अगर यह जानकारी गलत दी गई तो यह गंभीर बात है। सभी विधायक तय समय के अंदर अपना जवाब दें।

### केशव मौर्या का सपा पर बड़ा हमला



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कहा कि विधानसभा का मौजूदा बजट सत्र सफलतापूर्वक चल रहा है और उन्होंने चुनाव आयोग के दौरे को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पार्टी ने 2027 के चुनावों में अपनी हार मान ली है और बहाने तैयार कर रही है। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने बजट सत्र के महत्व और सभी विभागों में व्यापक विकास पर सरकार के फोकस पर प्रकाश डाला। उपमुख्यमंत्री ने कहा, 'यह सत्र बहुत सफलतापूर्वक चल रहा है और बजट सत्र में सभी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होती है, राज्यपाल के भाषण पर विचार-विमर्श होता है, बजट पेश किया जाता है और विभागीय बजट प्रस्तुत किए जाते हैं। विभागीय बजट प्रस्तुत करने का उद्देश्य यह है कि राज्य का विकास सभी विभागों के माध्यम से हो और हमारी सरकार विकास के लिए समर्पित है।

### रेवड़ी नहीं रोजगार दीजिए : तमिलनाडु से जुड़े मामले में एससी की सख्त टिप्पणी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु बिजली बोर्ड को कड़ी फटकार लगाई है। दरअसल, तमिलनाडु बिजली बोर्ड उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने का वादा कर रहा है। वहीं एक मुकदमे पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी की है। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राज्यों में अपनाई गई मुफ्त उपहारों की संस्कृति आर्थिक विकास में बाधा डालती है। शीर्ष अदालत ने इस दौरान कहा कि अधिकांश राज्य राजस्व घाटा झेल रहे हैं, इसके बावजूद विकास की अनदेखी करते हुए मुफ्त सुविधाएं दी जा रही हैं। इस तरह के मुफ्त वितरण से देश के आर्थिक विकास में बाधा आएगी। राज्यों को सभी को मुफ्त भोजन, साइकिल और बिजली देने के बजाय रोजगार के अवसर सृजन पर ध्यान देना चाहिए।

### कुलदीप सेंगर और सीबीआई समेत सभी दोषियों को हाईकोर्ट ने जारी की नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव हिरासत में मौत मामले में एक सख्त कदम उठाया है। कोर्ट ने इस मामले में कुलदीप सिंह सेंगर और सीबीआई सहित सभी दोषियों को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता द्वारा दायर एक अर्जी के जवाब में जारी किया गया है। पीड़िता ने अपनी अर्जी में कुलदीप सिंह सेंगर समेत अन्य दोषियों की सजा बढ़ाने की मांग की है। पीड़िता चाहती है कि दोषियों को और कड़ी सजा मिले। हाईकोर्ट ने इस अर्जी को गंभीरता से लिया है। मामले की अगली सुनवाई दो मार्च को निर्धारित की गई है।

### भारत में बच्चे नहीं चला पाएंगे इंस्टाग्राम फेसबुक! मोदी से मैक्रों ने की डिमांड

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने गुरुवार को कई विश्व नेताओं और वैश्विक सीईओ के साथ इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भाग लिया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है। अपने मुख्य भाषण में मैक्रॉन ने संकेत दिया कि भारत 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर सकता है। उन्होंने कहा कि फ्रांस में ऐसे प्रतिबंध लागू हैं और प्रधानमंत्री मोदी भी इस पर विचार कर रहे हैं। बच्चों की सुरक्षा नियमन नहीं, बल्कि सभ्यता है।

### फिल्म निर्माता ने सुप्रीम कोर्ट में वापस लिया 'घूसखोर पंडित' का टाइटल

**नई दिल्ली।** मनोज बाजपेयी की 'घूसखोर पंडित' को लेकर छिड़े विवाद के बीच अब निर्माता नीरज पांडे ने सुप्रीम कोर्ट के सामने अपना स्टेटमेंट दिया है। नीरज पांडे ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि फिल्म का नया शीर्षक अभी तय नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि हमने 'घूसखोर पंडित' का शीर्षक और प्रचार सामग्री वापस ले ली है।

### 11000 वोल्ट का तार दो युवकों पर गिरा जिंदा जल गए, घटना से ग्रामीणों में आक्रोश



**फिरोजाबाद।** एका के गांव नगला बाबन पट्टी में गुरुवार सुबह नौ बजे घर से खेत की तरफ जा रहे गांव के ही 28 वर्षीय भूपेंद्र और 26 वर्षीय प्रदीप शाक्य पर 11 हजार वोल्टेज का तार टूटकर गिरा गया। जिससे दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने पुलिस को शव नहीं उठाने दिए। उनका कहना था कि तार काफी समय से जर्जर था। इसके बाद भी नहीं बदला गया। मौके पर पुलिस, प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारी पहुंच गए हैं।

## दो हादसों में सात की जान गयी

**● एक हादसे में परिवार खत्म दूसरे में पिता-पुत्र की मौत**

**नई दिल्ली/लखनऊ।** यूपी के मथुरा और औरैया में एक ही दिन में दो बड़े सड़क हादसे हुए, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नाले और नहर में जा गिरी। औरैया में पति-पत्नी और बेटे की मौत हो गई, जबकि मथुरा में एक ही परिवार के चार भाइयों की जान गई। हादसा नगला देविया गांव में बुधवार रात हुआ। एक तेज रफ्तार कार पानी की टंकी से टकराकर गोवर्धन ड्रेन में गिर गई। ड्रेन में पानी अधिक होने के कारण कार में सवार चारों लोग डूब गए। ग्रामीणों ने 45 मिनट की मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। दूसरा हादसा अछल्दा के पास हुआ। यहां पर देर रात निचली गंग नहर रोड पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर तुरूकपुर गांव के पास नहर में जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे में पिता-पुत्र और बेटे की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, रात भर गाड़ी नहर में ही पड़ी रही।

### ट्रेनों के वातानुकूलित कोच में अब शराब भी मिलती है!



**जयपुर।** हैरतअंगेज लेकिन सच है कि राजस्थान की ट्रेनों के एसी बोगियों में शराब बेची जा रही है। बस लंच-डिनर की तरह ऑर्डर दीजिए, मनचाहे ब्रांड की शराब सीट पर पहुंच जाएगी। तकिए-चादर का जिम्मा संभालने वाले स्टाफ से लेकर चिप्स-बिस्किट बेचने वाले इस काम में शामिल हैं।

### बटुकों का सम्मान या डैमेज कंट्रोल!



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आज बृहस्पतिवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अपने आवास पर 100 बटुकों का सम्मान किया। बटुकों पर पुष्पवर्षा की। तिलक लगातर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चोटी खींचने वालों को पाप लगेगा। शंकराचार्य विवाद के बीच ब्रजेश पाठक का यह सम्मान डैमेज कंट्रोल से जोड़कर देखा जा रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ भी इस मामले में कई बार बोल चुके हैं। सीएम ने बिना नाम लिए संकेतों में कालनेमि तक की बात कह दी थी। बजट सत्र के दौरान उन्होंने एक और प्रमुख बात बोली, जिसको लेकर बहस छिड़ी हुई है। कहा कि कोई भी खुद को शंकराचार्य नहीं लिख सकता।

### लखनऊ-गोरखपुर में बादलों का डेरा, कई शहरों में बारिश



**लखनऊ।** पश्चिमी यूपी में तापमान में 3 डिग्री तक लुढ़क गया है। आज सुबह लखनऊ-गोरखपुर समेत कई जिलों में बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4 दिनों तक मौसम साफ रहेगा। मथुरा, नोएडा और बुलंदशहर में तेज बारिश हुई। मेरठ और बरेली में बादल छाए रहे। लखनऊ के वैज्ञानिक ने बताया कि मध्य पाकिस्तान और आसपास के पंजाब इलाके में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसका असर पश्चिमी यूपी के कई जिलों तक देखा गया है। इसी वजह से हल्की बारिश हुई।

### सर्राफा बाजार में उतार-चढ़ाव जारी, चांदी की कीमतों में उछाल

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में गुरुवार को उतार-चढ़ाव देखने को मिला। चांदी की कीमत 1800 रुपये की तेजी के साथ 2.45 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव गिरकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एमसीक्स पर चांदी की कीमत 14,667 रुपये चढ़कर 2.43 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 4,282 रुपये चढ़कर 1.55 लाख प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

### सेंसेक्स 149 अंक चढ़ा निफ्टी 25800 के पार

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को हरे निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 148.92 अंक या 0.18 प्रतिशत बढ़कर 83,883.17 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 50.55 अंक या 0.20 प्रतिशत बढ़कर 25,869.90 अंक पर आ गया।




## ईरान-अमेरिका टकराव के बेहद करीब

### कोई पीछे हटने को तैयार नहीं, कूटनीतिक प्रयास जारी

**● लड़ाई हुई तो हफ्तों तक चलने की संभावना इजराइल भी लड़ाई में होगा अमेरिका के साथ**



**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच चल रही परमाणु समझौते की बातचीत में बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट सबसे बड़ा विवाद का मुद्दा बन गया है। ईरान इस पर बिल्कुल भी समझौता करने को तैयार नहीं है। ईरान का कहना है कि यह उसके बौलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम रक्षा के लिए जरूरी है। ईरान का कहना है कि जून 2025 में इजराइल और अमेरिका ने ईरान के परमाणु साइटों पर हमला किया, तब ईरान की मिसाइलों ने ही उसकी रक्षा की। इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि ईरान हिजबुल्लाह, हूती जैसे प्रॉक्सी ग्रुप्स को समर्थन देना बंद करे। अमेरिका इस मुद्दे को भी शामिल करना चाहता है, लेकिन ईरान मुख्य रूप से । सिर्फ परमाणु मुद्दे पर फोकस रखना चाहता है। अब हालात ऐसे बन गए हैं कि आने वाले दिनों या हफ्तों में बड़ा सैन्य टकराव हो सकता है। अगर अमेरिका सैन्य कार्रवाई करता है तो वह छोटी कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि कई हफ्तों तक चलने वाला बड़ा ऑपरेशन होगा। आने वाले हफ्तों में हमले की संभावना 90 प्रतिशत तक है। यह ऑपरेशन पिछले महीने वेनेजुएला में हुई सीमित कार्रवाई से कहीं बड़ा और विकराल होगा।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 26.6°C
● तापमान न्यूनतम : 10.5°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 19 फरवरी, गुरुवार, 2026 (3)





बरेका में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे व उत्तर रेलवे की टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते खेल संघ अध्यक्ष व अन्य। छाया : जनमुख

# रहमतों का महीना शुरू

## कमेटियों के एलान के बाद मस्जिदों में तरावीह शुरू, आज रखा गया पहला रोजा

● बाजारों में बढ़ी हलचल, 2000 रुपये किलो तक बिका खजूर

● मुस्लिम बहुल इलाकों में बढ़ी देर रात तक चहल-पहल





**वाराणसी।** रमजान उल मुबारक का चांद दिखाई देने के बाद आज पहला रोजा रखा गया। चांद दिखते ही मुस्लिम समाज में खुशी की लहर दौड़ गयी। रुयते हेलाल कमेटी की ओर से चांद की तस्दीक होते ही लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद देना शुरू कर दिया। बुधवार को मगरिब की नमाज के बाद लोग घरों की छतों पर चांद का इन्तजार करने लगे। जैसे ही चांद दिखाई दिया, लोगों ने अल्लाह का शुक्रिया अदा किया और दुआओं का सिलसिला शुरू हो गया। नई सड़क लंगड़ा हाफिज मस्जिद में रूयते हेलाल कमेटी ने चांद की तस्दीक दी। इस दौरान सूफी मो. जकीउल्लाह कादिरी, मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी, शहर मुफ्ती अब्दुल बातिनी नोमानी, हारून रशीद नक्सबंदी, अब्दुल्लाह नासिर कासिमी, मो. युनूस मदनी, मो. अशरफ आदि मौजूद रहे। रात में ईशा की नमाज के बाद ज्ञानवापी, बीबी रजिया, ढाई कंगूरा मस्जिद, नदेसर जामा मस्जिद, नूरी मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में तरावीह का सिलसिला शुरू हो गया। चांद की तस्दीक के साथ ही मदनपुरा, आदमपुर, लल्लापुरा, बजरडीहा, गोलगड्डा, बड़ी बाजार, लोहता, जैतपुरा, अलईपुरा, कोनिया समेत अन्य इलाकों में देर रात तक चहल-पहल बनी रही। घरों में भी उत्सव का माहौल बना रहा। बड़ों के साथ बच्चे भी रोजा की तैयारियों में जुट गए। सहरी की तैयारी को लेकर बाजारों में हलचल बढ़ गयी। सूतफेनी, सेवई, बिस्किट, दूध, फल, मेवा, खजूर आदि की खरीददारी के लिए बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान खजूर की खरीददारी विशेष रूप से की गयी। अधिकांश रोजदार खजूर से ही रोजा खोलना चाहते हैं। खजूर की डिमांड के मद्देनजर शहर में 200 से 2000 तक खजूर की बिक्री हुई। उधर शिया समुदाय ने भी रमजान उल मुबारक का इस्तकबाल किया। इस दौरान शहर के 32 मस्जिदों में इमाम बारगाह व दरगाहों में मजलिस और दुआख्वानी की गयी। शहर के विभिन्न इलाकों में बुधवार रात से ही तरावीह शुरू हो गयी। कहीं तीन तो कहीं 27 दिनों की तरावीह की नमाज शुरू हुई। पहले रोजे को लेकर आज सुबह से ही बाजारों में चहल-पहल बढ़ गयी। रोजेदार की भीड़ शाम को रोजा खोलने के लिए फल-फूल व अन्य सामग्री खरीदने के लिए बाजारों में पहुंच गयी।

## होलिका दहन के एक दिन बाद मनायी जाएगी होली

● बैठक के बाद ज्योतिषाचार्यों ने की घोषणा

● चन्द्र ग्रहण के कारण तिथि में हुआ हेरफेर



वाराणसी। होली महापर्व को लेकर हो रहे तिथियों के भेद को समाप्त करने के लिए काशी हिंदू विश्वविद्यालय के ज्योतिषाचार्य ने बैठक करके यह बताया है कि इस वर्ष होलिका दहन 2 मार्च को और उसके 24 घंटे बाद 4 मार्च को होली का उत्सव मनाया जाएगा। चंद्र ग्रहण के कारण 3 मार्च को होली नहीं मनाई जाएगी। इसको लेकर उन्होंने विभिन्न राज्यों के ज्योतिषाचार्यों से बात भी की है। प्रोफेसर विनय कुमार पाण्डेय के अनुसार शास्त्रीय विधान स्पष्ट रूप से कहता है—'प्रतिपद उदिते रवौ', अर्थात जब चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि में सूर्योदय हो, उसी दिन वसंतोत्सव अथवा रंगोत्सव मनाया जाना चाहिए। इस वर्ष 4 मार्च को सूर्योदय के समय चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि विद्यमान रहेगी। इसलिए शास्त्रीय मर्यादा और लोक परंपरा के अनुसार 4 मार्च को ही पूरे देश में रंगोत्सव के रूप में होली मनाई जाएगी।

## सात दिवसीय जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का समापन



जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मेरा युवा भारत के तत्वावधान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय के सहयोग से लोहता में आयोजित सात दिवसीय जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का समापन हुआ। 12 से 18 फरवरी तक चले इस आयोजन में विभिन्न राज्यों से आए जनजातीय युवाओं को वाराणसी की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्थलों और आध्यात्मिक परंपराओं से परिचित कराया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने घाटों व मंदिरों का दर्शन कर भारतीय संस्कृति से जुड़ाव महसूस किया। मुख्य अतिथि स्वामी हरि प्रकाशानंद ने युवाओं को संयम, संस्कार और संकल्प का संदेश दिया। संचालन सृजन चतुर्वेदी ने किया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साह दिखाया। विजेताओं को प्रमाण पत्र, पुरस्कार राशि व स्मृति चिन्ह दिए गए।

### वीकेएम में संगोष्ठी व सम्मेलन

## भारतीय ज्ञान परम्परा की समकालीन प्रासंगिकता पर फोकस



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वसन्त कन्या महाविद्यालय, कमच्छा में बुधवार को 'भारतीय ज्ञान परम्पराः प्राचीन बुद्धिमत्ता एवं सतत समाधान' विषय पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी तथा पूर्व छात्रा सम्मेलन 'आवर्तन–2026' का भव्य आयोजन महाविद्यालय की एलुमनी एसोसिएशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, शोधार्थियों, छात्राओं एवं पूर्व छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रचना श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण में भारतीय ज्ञान परम्परा की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अंतर्राष्ट्रीय अतिथि डॉ. शमा मित्तल ने भारतीय ज्ञान प्रणाली की वैश्विक उपयोगिता तथा पर्यावरणीय संतुलन में उसकी भूमिका को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता प्रो. चन्द्रकला पाडिया, पूर्व कुलपति, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, ने भारतीय चिंतन की दार्शनिक गहराई एवं उसके व्यावहारिक आयामों पर प्रकाश डाला।

## शास्त्र, सनातन, परंपरा से समझौता नहीं

● प्रेसवार्ता में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने किया देश के धर्माचार्यों का आह्वान



**वाराणसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गुरुवार को वाराणसी में अपने मठ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- जो व्यक्ति विरक्त हो जाता है, वह धर्म की शपथ लेकर कोई दूसरी शपथ स्वीकार नहीं कर सकता। योगी आदित्यनाथ ने विरक्त की शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और वेतनभोगी बन गए। शंकराचार्य ने कहा- 10 दिन में सिर्फ दो काम किए गए। एक 'गोदान' नाम की फिल्म रिलीज कर उसे टैक्स फ्री कर दिया गया, क्या इससे गौ माता की रक्षा हो जाएगी? दूसरा, डीएम को गौशालाओं को ठीक-ठाक करने का संदेश भेजा गया, जिसे उन्होंने अप्रभावी बताया। शंकराचार्य ने देशभर के धर्माचार्यों से आह्वान करते हुए कहा- यदि कोई संत या धर्मगुरु योगी आदित्यनाथ के साथ खड़ा होना चाहता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन शास्त्र, सनातन धर्म और परंपरा से समझौता स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने सवाल उठाया- क्या कोई गेरुआ वस्त्र पहनकर मांसाहारी हो सकता है? क्या कोई विरक्त संत वेतनभोगी हो सकता है? अंत में उन्होंने 10 दिन में जवाब देने को कहा।

## वाराणसी आई बैंक को दान स्वरूप मिली दो जोड़ी आंखें

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी आई बैंक सोसाइटी को अग्रवाल समाज द्वारा विगत 17 फरवरी को चार नेत्र दान स्वरूप प्राप्त हुए। सर्वप्रथम सप्तसागर निवासी घनश्याम दास अग्रवाल के मरणोपरांत उनके पुत्र विवेक कुमार अग्रवाल की सहमति से नेत्र प्राप्त किया गया। इसके साथ लाजपतनगर कॉलोनी, मलदहिया निवासी अनूप अग्रवाल की माता प्रेमलता अग्रवाल के मरणोपरान्त नेत्रदान किया गया। नेत्रदान की प्रक्रिया डा. अजय मौर्या के निर्देशन में सम्पन्न हुई। प्राप्त नेत्रों का प्रत्यारोपण कालीपुतली के विशेषज्ञ चिकित्सक डा. ऋषभ साह द्वारा किया जाएगा।



## गुमटी का ताला नहीं तोड़ पाए तो लगा दी आग

वाराणसी। शिवरामपुर चट्टी पर हाईवे किनारे गुमटी में स्थित अवधेश पाल के मिठाई की दुकान में बुधवार की रात शरारती तत्वों ने आग लगा दी।आग की सूचना पर जब तक फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची सारा सामान जलकर राख हो गया। दुकानदार ने अगलगी की घटना में ढाई लाख रुपए से अधिक की क्षति बताई हैं। मिर्जामुराद थानांतर्गत शिवरामपुर गांव निवासी अवधेश पाल की चट्टी पर टीनशेड के अंदर दो गुमटी में मिठाई की दुकान हैं।बीती रात साढ़े 12 बजे अज्ञात शरारती तत्व गुमटी का ताला तोड़ने का प्रयास किए। ताला न टूटने पर गुमटी में आग लगा दी। आगलगी की सूचना पर दुकानदार मौके पर पहुंच यूपी 112 डायल किया।

## बरेका में रेलवे हैंडबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ



● कारखाने की टीम ने दक्षिण मध्य रेलवे को 19-13 से किया परास्त

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस रेल इंजन कारखाना में बुधवार को बरेका खेलकूद स्टेडियम में 18वीं अखिल भारतीय रेलवे हैंडबॉल प्रतियोगिता (पुरुष/महिला) 2025-26 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर, एवं अध्यक्ष, बरेका खेल संघ सुशील कुमार श्रीवास्तव ने गुब्बारों को आकाश में उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच बनारस रेल इंजन कारखाना और दक्षिण मध्य रेलवे के बीच खेला गया जिसमें बनारस रेल इंजन कारखाना की टीम ने दक्षिण मध्य रेलवे की टीम को 19-13 से हराकर शानदार विजय प्राप्त किया। महिला वर्ग में पहला मैच उत्तर रेलवे और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीमों के बीच खेला गया जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने उत्तर रेलवे की टीम को 24-16 से हरा कर शानदार जीत दर्ज किया।




## पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान में भाजपा पदाधिकारियों का जमावड़ा



जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय गुलाब बाग पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत बुधवार को कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री, विभाग एवं प्रकोष्ठों के संयोजक महानगर में निवास करने वाले क्षेत्र एवं प्रदेश के पदाधिकारी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री संजय पटेल उपस्थित रहे। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष, अशोक जाटव, साधना वेदांती भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण की रूपरेखा पीसंयोजक राहुल सिंह ने बताया। कार्यक्रम में महापौर अशोक तिवारी पूर्व महानगर अध्यक्ष प्रेम कपूर पूर्व महापौर रामगोपाल मोहले ने भी भागीदारी की।

## 97 करोड़ रुपये की लागत से 15 माह में बनेगा नया सदन भवन



जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम मुख्यालय का स्वरूप अब पूरी तरह बदलने वाला है। सिगरा स्थित मुख्यालय परिसर में जर्जर हो चुके पुराने भवनों को ध्वस्त यहां भव्य और हाईटेक नगर निगम सदन भवन का निर्माण किया जाएगा। करीब 97 करोड़ (9699.65 लाख) रुपये की लागत से बनने वाला इस अत्याधुनिक भवन का मॉडल विशेष रूप से काशी और गंगा की थीम पर आधारित है, जिसकी बाहरी बनावट शिवलिंग की आकृति जैसी नजर आएगी। वर्तमान में इसे जी-प्लस फोर (चार मंजिला) स्तर पर निर्मित किया जा रहा है, जिसका कुल निर्मित क्षेत्र 21,858.01 वर्ग मीटर है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला प्रधानमंत्री के हाथों रखे जाने की तैयारी है, जिसके लिए नगर निगम ने प्रक्रिया तेज कर दी है। इसका निर्माण कार्यदायी संस्था सीएण्डडीएस, उप्र जल निगम द्वारा ईपीसी मोड पर 15 माह में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## मीरजापुर समाचार

### जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी ने एस0आई0आर0 कार्यो का किया औचक निरीक्षण



**मीरजापुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेश प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य का जिला निर्वाचनअधिकारी/ जिलाधिकारी पवन कुमार गंग. वार ने विधानसभा सदर के सदर तहसील एवं विधानसभा मझवां के ग्राम सभा बजहा में स्थित कम्पोजिट/ प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए बूथो पर चल कार्यो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदाताओ से प्राप्त प्रपत्रो एवं दिए गए नोटिस तामिला व सुनवाई के प्रगति के बारे में प्रत्येक बी0एल0ओ0 से जानकारी प्राप्त की। मझवां विधानसभा के बूथ संख्या–67, 68, 69, 70, 71, 72, 73 बूथ पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने पहुंचकर एस0आई0आर0 कार्य प्रगति का निरीक्षण किया गया। बूथ पर उपस्थित नोटिस प्राप्त होने के पश्चात पहुंचे मतदाताओ से जिलाधिकारी द्वारा वार्ता कर कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित मतदाताओ के द्वारा बताया गया कि बूथ पर कौं समस्या नहीं है सम्बन्धित कार्मिको/ बी0एल0 ओ0 के द्वारा कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने प्राप्त दस्तावेजो को तत्काल फीडिंग करने का निर्देश दिया।

## सुल्तानपुर समाचार

### परीक्षा के लिए न पालें तनाव, आठ घंटे की पर्याप्त नींद जरूर लें

**सुल्तानपुर।** परीक्षाएं शुरू होने के साथ ही कई छात्र-छात्राएं अपनी तैयारी के लिए अधिक सजग हो गए हैं। इसी कारण कुछ विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग विभाग में सामान्य परामर्श लेने भी पहुंच रहे हैं। बुधवार को मेडिकल कॉलेज में करीब 20 परीक्षार्थी मानसिक रोग विशेषज्ञ के पास तनाव से छुटकारा पाने का टिप्स लेने पहुंचे। चिकित्सक ने उन्हें टिप्स दिया और बताया कि घबराएं नहीं, नियमित दिनचर्या अपनाकर परीक्षा की तैयारी करें। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान देने की जरूरत है, तैयारी के कारण स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ा तो पढ़ाई बाधित हो सकती है। मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. राम अनुज वर्मा ने बताया कि परीक्षा के समय थोड़ा तनाव स्वाभाविक होता है, लेकिन इसे दिनचर्या और सही तैयारी से आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है।

## मऊ समाचार

### दिनेश राय अध्यक्ष और सत्यराम यादव महामंत्री निर्वाचित



**मऊ।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की 23 सदस्यीय नई कार्यकारिणी के गठन के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एसोसिएशन के पुस्तकालय भवन में मतदान हुआ। मतदान में 231 सदस्यों में 223 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद हुई मतगणना में दिनेश राय अध्यक्ष और सत्यराम यादव महामंत्री निर्वाचित हुए। वहीं सहमंत्री पुस्तकालय के दो पद पर अमित कुमार सिंह और सुनील कुमार दूबे निर्वाचित घोषित हुए। मतदान को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे। यह जानकारी देते हुए एल्डर कमेटी के चेयरमैन मुहम्मद असलम ने बताया कि 23 सदस्यीय नई कार्यकारिणी के गठन के लिए बुधवार को मतदान हुआ। मतदान सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर बाद 2:30 बजे तक चला। शुरुआत में मतदान की गति धीमी रही, लेकिन जैसे-जैसे समय बी- तता गया मतदान मे तेजी आई और 231 मतदाताओं में 223 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद हुई मतगणना में अध्यक्ष पद पर दिनेश राय को 134 मत प्राप्त हुआ, उन्हें निर्वाचित घोषित किया गया। इस पद पर पारसनाथ यादव को 87 मत तथा अशोक कुमार सिंह को एक मत प्राप्त हुआ। वही महामंत्री पद पर सत्यराम यादव को 98 मत प्राप्त हुआ, उन्हें निर्वाचित घोषित किया गया।

## बलिया समाचार

### किन्नर लापता, झाड़ी में मिला मोबाइल, अपहरण की आशंका

**बैरिया।** थाना क्षेत्र के रानीगंज बाजार से रहस्यमय ढंग से किन्नर गुरु रेखा (65)लापता है। किन्नर बाबरी अंसारी की तहरीर पर पुलिस ने मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है। किन्नर संघ के जिलाध्यक्ष माधुरी पांडेय के साथ किन्नरों ने बुधवार को रानीगंज बाजार में सड़क जाम करने की कोशिश की, लेकिन थाना प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह के आश्वासन पर जाम नहीं किया। किन्नरों ने अपने लापता साथी को ढूंढने की मांग करते हुए नारेबाजी की। उनके समर्थन में बैरिया के पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे। मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। रेखा के साथी किन्नरों ने आभूषणों के लिए अपहरण की आशंका जताई है। शरीर पर हमेशा लगभग 10 लाख के जेवर रहते थे। किन्नरों ने बताया कि रेखा हम लोगों की दादा गुरु हैं।

## आजमगढ़ समाचार

### टोल प्लाजा पर टेंपो पलटा, बेटी को दवा दिलाने जा रहे वृद्ध की मौत, दो घायल

**बिंद्राबाजार।** आजमगढ़-वाराणसी मार्ग पर बुधवार सुबह लगभग 11 बजे एक अनियंत्रित टेंपो टोल प्लाजा के पास पलट गया। हादसे में बेटी को दवा दिलाने जा रहे पिता भोभल की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल एक महिला व एक बालक का उपचार चल रहा है। भोभल की बेटी की तहरीर पर पुलिस प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच में जुट गई। हादसा गंभीरपुर थाना क्षेत्र के अमौड़ा मोहिउद्दीनपुर में हुआ।बरदह थाना क्षेत्र के दरियापुर बसही गांव निवासी भोभम मौर्या (60) अपनी बेटी को दवा दिलाने के लिए टेंपो से आजमगढ़ शहर आ रहे थे। टेंपो में भोभल की बेटी सरस्वती और अहिरौली निवासी रेशमी व उनके साथ आतिश विश्वकर्मा का आठ वर्षीय बेटा वंश भी बैठा था। ठेकमा से सवारी लेकर आजमगढ़ की ओर जा रहा टेंपो जैसे ही टोल प्लाजा के पास पहुंचा, चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और वाहन पलट गया। दुर्घटना में भोभल मौर्या (60), रेशमी (60) पत्नी शिवशंकर विश्वकर्मा व वंश (8) पुत्र आतिश विश्वकर्मा घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदपुर ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए प्रभारी चिकित्सक डॉ. रोहित मिश्रा ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन सभी को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर चिकित्सक ने भोभल को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन भोभल का शव लेकर गंभीरपुर थाने में पहुंचे। भोभल की बेटी सरस्वती की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## देवरिया समाचार

### नवजात की मौत के मामले में जांच कमेटी गठित

**देवरिया।** महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू में मंगलवार को नवजात की मौत मामले में सीएमएस ने तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है। समिति पूरे प्रकरण की जांच करेगी। गौरीबाजार थानाक्षेत्र के बैतालपुर गांव की शोभा देवी को 10फरवरी को प्रसव पीड़ा हुई। घर के लोग उन्हें लेकर बैतालपुर पीएचसी पर पहुंचे। वहां नार्मल डिलीवरी से जुड़वा बच्चा पैदा हुए। एक बच्चे का वजन कम होने की वजह से चिकित्सकों ने इलाज के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज भेज दिया। शोभा देवी के पति शेषनाथ बच्चे को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। डॉक्टरों ने नवजात की जांच कर ऑक्सीजन कम होने की बात कहकर एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कर लिया। मंगलवार को शोभा देवी ने बच्चे का कुशलक्षेम पूछा तो वार्ड में तैनात डॉक्टर ने कहा कि बच्चा बिल्कुल ठीक है।

## गोरखपुर समाचार

### डेढ़ लाख बोतल दूषित पानी खप चुका है बाजार में.. खरीदें तो रहें होशियार



**गोरखपुर।** बाजार में बोतलबंद पानी खरीदने के पहले सतर्क रहें। हो सकता है आप जो पानी पीने जा रहे हैं वह दूषित हो और आपकी जान पर बन आए। शहर में पानी के चार लोकल ब्रांड के नमूने फेल मिले हैं, जो पीने लायक नहीं हैं। इन ब्रांड के पानी के उत्पादन और बिक्री पर रोक तो लगा दी गई है, लेकिन इसके पहले ही यहां से करीब डेढ़ लाख बोतल पानी की आपूर्ति बाजार में हो चुकी है। इसे हटाया नहीं गया और लोग बेफिक्र होकर वही पानी पी रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बोतलबंद पानी पीने में सतर्कता बहुत जरूरी है वरना पीलिया के साथ पेट संबंधित अन्य गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जांच में चार स्थानीय कंपनियों के पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर के नमूने फेल पाए गए हैं। जांच रिपोर्ट में इस पानी में कोलीफॉर्म जैसे हानिकारक बैक्टीरिया की पुष्टि हुई है, जो सीधे तौर पर स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माने जाते हैं। इसके बाद प्रशासन ने संबंधित कंपनियों के उत्पादन और बिक्री पर रोक लगा दी है लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बाजार में अब भी इन कंपनियों के बोतलबंद पानी धड़ल्ले से बिक रहे हैं। दरअसल, प्रतिबंध से पहले इन कंपनियों का जो स्टॉक बाजार में भेजा गया था, वही लॉट अब भी दुकानों पर मौजूद है। विभागीय कार्रवाई प्लांट तक सीमित रहने के कारण यह स्टॉक पूरी तरह जब्त नहीं हो पाया है। बॉटलिंग प्लांट लगाने वाले विशाल ने बताया कि स्थानीय स्तर पर प्लांट में रोजाना 15 से 20 हजार बोतल पानी का उत्पादन हो जाता है। स्थानीय ब्रांड की खपत रेलवे और बस स्टेशन, चाय के अलावा छोटी दुकानों पर ज्यादा होती है। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और इनके आसपास के क्षेत्रों में लोकल ब्रांड का बोतलबंद पानी आसानी से मिल जाता है।


## गाजीपुर समाचार

### जिला जज ने वालंटियर प्रशिक्षण एवं लर्नर किट वितरण का किया शुभारंभ

**गाजीपुर।** जिला कारागार में वालंटियर प्रशिक्षण और लर्नर किट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को जिला जज धर्मेंद्र पांडेय ने किया। शिक्षा- शिव नाडर फाउंडेशन के शिक्षा प्लस जेल कार्यक्रम के माध्यम से जेल में निरूद्ध बंदियों के लिए कंप्यूटरीकृत साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें उन्हें एनीमेशन और दृश्य, श्रव्य शिक्षण सामग्री के द्वारा करीब 120 दिन के प्रथम बैच में 30 बंदियों का नामाकंन कर उन्हें साक्षर किया जाएगा। इस साक्षर बैच को चलाने के लिए जेल के ही शिक्षित बंदियों में से पांच वालंटियर को दो दिवसीय प्रशिक्षण शिव नाडर फाउंडेशन के आए वरिष्ठ प्रशिक्षक शुभम द्विवेदी के द्वारा दिया गया। जिला समन्वयक संजय कुमार सिन्हा ने जेल विस्तार कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी।

## चंदौली समाचार

### खेलते समय कुएं में गिरने से दो बच्चों की मौत, खेत में पपीता तोड़ने गए थे मासूम



**चंदौली।** जिले के गोलाबाद गांव में मंगलवार दोपहर को खेलते समय दो मासूम बिना मुंडेर वाले कुएं में गिर गए, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों खेत में पपीता तोड़ने गए थे। सीओ नौगढ़ नामेंद्र कुमार रावत ने बताया कि क्षेत्र के गोलाबाद गांव निवासी सरोज यादव का बेटा अंकुश (9) और रामेश्वर केसरी का बेटा हर्ष (8) अपनी बहनों कृति और निधि के साथ मंगलवार की दोपहर में खेत में पपीता तोड़ने गए थे। खेलते-खेलते दोनों बच्चे खेत से कुछ दूरी स्थित बिना मुंडेर वाले खुले कुएं के पास पहुंच गए। पैर फिसलने से दोनों कुएं में गिर गए। अंकुश और हर्ष को कुएं में गिरते ही कृति और निधि ने शोर मचाया। इस बीच गांव के ही दो गुलशन और जयप्रकाश पहुंच गए। दोनों ने साहस दिखाते हुए कुएं में छलांग लगाकर बच्चों को बाहर निकाला। इसके बाद ग्रामीण दोनों बच्चों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉ. सत्या ने प्राथमिक जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जौनपुर समाचार

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप

**केराकत।** सपा के केराकत विधानसभा के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को उपजिलाधिकारी से मिला। इस दौरान मतदाता सूची से नाम गलत तरीके से कटवाने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया कि विधानसभा केराकत के बूथ संख्या 138 और 139 पर फॉर्म-7 के माध्यम से 146 मतदाताओं के नाम सूची से हटाने का प्रयास किया गया। आरोप है कि यह फॉर्म बीएलओ को सुपरवाइजर ने दिया। सपा नेताओं का कहना है कि फॉर्म-7 में आवेदक के रूप में दर्शाए गए पांचू का नाम उनकी जानकारी के बिना दर्ज किया गया। साथ ही फॉर्म में अंकित एसपीआईसी नंबर और मोबाइल नंबर किसी अन्य व्यक्ति के हैं, जिनका पांचू से कोई संबंध नहीं है। सपा केराकत विधानसभा अध्यक्ष नीरज पहलवान ने कहा कि अधिकारी मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करें।

## प्रयागराज समाचार

### यूपी बोर्ड देगा नई सुरक्षा वाली मार्कशीट, न फटेगी, न भीगेगी, नकली बनाना होगा मुश्किल



**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुरक्षा फीचर्स वाली नई अंक तालिका (मार्कशीट) जारी करेगा। परिषद का दावा है कि यह मार्कशीट इतनी मजबूत होगी कि न पानी से गल सकेगी, न आसानी से फटेगी और न ही सामान्य तरीके से नष्ट की जा सकेगी। परिषद के अनुसार पिछले वर्ष लगभग 58 लाख विद्यार्थियों को इसी प्रकार की सुरक्षित मार्कशीट उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन उसमें रही कुछ तकनीकी कमियों को इस बार दूर किया जा रहा है। सचिव भगवती सिंह ने बताया कि नई मार्कशीट पर विशेष मोनोग्राम होगा, जो धूप में चमकेगा और इसे लेमिनेशन कराने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी।

परिषद का कहना है कि इन विशेषताओं के कारण फर्जी मार्कशीट बनाना लगभग असंभव हो जाएगा। सचिव ने बताया कि इसकी गुणवत्ता को लेकर परीक्षण किए गए हैं और इसे नुकसान पहुंचाना बेहद कठिन है, इसलिए विद्यार्थियों को अलग से सुरक्षित रखने या लेमिनेशन कराने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि इसे कोई फाड़ नहीं सकता, अगर ऐसा कर दें तो एक लाख ईनाम देंगे। यह नियमों में नहीं हैं, लेकिन ऐसा परिषद इसकी विश्वसनीयता के लिए दावा कर रहा हैं।

मुख्य बिंदु नकली बनाना होगा बेहद कठिन, पानी और नमी से सुरक्षित विशेष कागज, मजबूत सामग्री, आसानी से फटने योग्य नहीं, फोटो कॉपी कराने पर फोटो कॉपी स्वतः हो जाएगा अंकित- देश में सीमित कंपनियों में तैयार होने वाला विशेष पेपर,कोर्ट ने पक्षों को सुनने के बाद कहा कि राज्य का यह कर्तव्य है कि व प्रत्येक नागरिक के जीवन की रक्षा करे। कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को याचियों के शांतिपूर्ण जीवन में हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## भदोही समाचार

### बनारस से घर लौट रहे पूर्व प्रधान पति की सड़क हादसे में मौत



**औराई।** जयरामपुर गांव के पास मंगलवार की रात में बाइक की टक्कर से माधोसिंह की पूर्व प्रधान इसरतजहां के पति जावेद (55) की मौत हो गई। वे वाराणसी से घर लौट रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। माधोसिंह निवासी जावेद मंगलवार को वाराणसी गए थे। शाम सात बजे वे जयरामपुर के पास बस से उतरे।

हाईवे के दक्षिणी लेन से उत्तरी लेन पर जा रहे थे कि सर्विस लेन पर एक बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। इससे जावेद घायल हो गए। आनन-फानन में परिजन उन्हें सीएचसी औराई लेकर गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वहां लेकर जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पोस्टमार्टम हाउस पर सपा नेता केशनारायण यादव, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र मिश्र पप्पू, डॉ. सनवारूल हक, प्रधान शहबाज, पूर्व चेयरमैन घोसिया एबरार, बहाल नेता भी पहुंच गए। पोस्टमार्टम होने के बाद शव लेकर परिजन घर गए। मृतक को दो बेटे और पांच बेटियां हैं।

एक बेटी की 25 मार्च को शादी है। घटना के बाद परिजन परेशान हो गए। भाई एजाज की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बुलेट चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## सोनभद्र समाचार

### ससुराल आए युवक का फंदे पर लटकता मिला शव, बच्चे की छठी कार्यक्रम में शामिल होने आया था



**सोनभद्र।** जिले के अनपरा थाना क्षेत्र के कुलडोमरी गांव में छठी के कार्यक्रम में शामिल होने आए युवक का नए मकान में फंदे से लटकता हुआ शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

मध्यप्रदेश के सागर जिला निवासी नन्हू अहिरवार पुत्र बरेलाल (25) कुलडोमरी गांव के बिरनबहरा स्थित अपने ससुराल अपनी पत्नी पूजा की चचेरी बहन के बच्चे की छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था। मंगलवार को नन्हू अपने घर जाने की तैयारी में था, लेकिन गाड़ी नहीं मिलने के कारण अगले दिन जाने का फैसला किया। देर शाम वह गांव में घूमने गया था।

वापस लौटने पर वह नए मकान पर चला गया। देर रात परिजन उसे खोजते हुए नए मकान पर पहुंचे तो देखा कि नन्हू गाय को बांधने वाले रस्सी के सहारे छत के बल्ली से लटक रहा है।

परिजन उसे उतारकर गांव के डॉक्टर के पास ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों से बात की। परिजनों ने आने के बाद ही शव कब्जे में लेने की बात कही।

### जंगल में अवैध खनन, सैकड़ों पेड़ जमींदोज

**सोनभद्र।** अनपरा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 मालवीय नगर स्थित कहुआनाला के पास जंगल में बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया जा रहा है। वन विभाग की नर्सरी से मात्र चार सौ मीटर अंदर पहाड़ियों को खोदकर हरे-भरे जंगल को खंडहर में बदल दिया गया है।अवैध खनन के कारण जंगल की स्थिति खंडहर जैसी हो गई है। नाम नही छापने की शर्त पर एक व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने जानकारी दी कि बजरंगी सिंह चौहान यह मिट्टी खुदवा रहे हैं, जिसे दुल्लापाथर ईंट भट्ठे पर ले जाया जा रहा है। जंगल और पहाड़ियों के बीच कई दिनों से यह अवैध खुदाई चल रही है। लगभग पांच अलग-अलग जगहों पर पूरे पहाड़ काटकर मिट्टी निकाली गई है।

## लाइफ मंत्र

### भगवान गणेश की पूजा से ही क्यों शुरू किया जाता है हर मांगलिक कार्य? पढ़ें इसके पीछे की रोचक कथा

भारतीय संस्कृति में एक कहावत बहुत मशहूर है- किसी भी काम का श्रीगणेश करना। इसका अर्थ ही यही है कि कार्य की शुरुआत भगवान गणपति के नाम से हो। चाहे विवाह का मंडप हो, नए घर की नींव हो या कोई बड़ी पूजा, सबसे पहली आहुति और वंदना हमेशा एकदंत के नाम ही होती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि कोटि-कोटि देवी-देवताओं के इस संसार में, शिव-पार्वती के छोटे पुत्र गणेश को ही प्रथम पूज्य होने का विशेषाधिकार क्यों मिला। यह केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं है, बल्कि इसके पीछे बुद्धि के बल, माता-पिता के प्रति अटूट भक्ति और महादेव के एक दिव्य वरदान की अद्भुत



गाथा छिपी है। गणेश जी का प्रथम पूजन हमें सिखाता है कि सफलता के लिए केवल शारीरिक वेग नहीं, बल्कि विवेक और चतुर बुद्धि की आवश्यकता होती है।

तो आइए जानते हैं उस पौराणिक कथा के बारे में, जिसने एक बालक को समस्त ब्रह्मांड का सबसे पूजनीय देव बना दिया।


**प्रथम पूज्य बनने की पौराणिक कथा**

पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार समस्त देवताओं के बीच यह प्रश्न उठा कि धरती पर सबसे पहले किसकी पूजा होनी चाहिए। इस विवाद को सुलझाने के लिए भगवान शिव ने एक प्रतियोगिता रखी। उन्होंने कहा, 'जो भी अपने वाहन पर बैठकर पूरे ब्रह्मांड की तीन बार परिक्रमा करके सबसे पहले मेरे पास लौटेगा, वही 'प्रथम पूज्य' कहलाएगा।'

घोषणा सुनते ही शिव के ज्येष्ठ पुत्र कार्तिकेय अपने तीव्रगामी वाहन मयूर पर सवार होकर ब्रह्मांड नापने निकल पड़े। दूसरी ओर, गणेश जी का वाहन 'मूषक' था और उनका शरीर भारी था। कार्तिकेय से दौड़ में जीतना लगभग असंभव था। लेकिन गणेश जी 'बुद्धि के देवता' हैं। उन्होंने अपनी चतुर बुद्धि का परिचय दिया और कहीं जाने के बजाय अपने माता-पिता भगवान शिव और माता पार्वती को एक साथ बिठाया और भक्ति भाव से उनकी तीन परिक्रमा पूरी कर ली। जब महादेव ने उनसे पूछा कि उन्होंने ऐसा क्यों किया, तो गणेश जी ने उत्तर दिया 'माता-पिता के चरणों में ही समस्त ब्रह्मांड और समस्त लोक समाहित हैं। उनकी सेवा और परिक्रमा करना, पूरे विश्व की परिक्रमा करने के समान है।'

गणेश जी के इस तर्क और माता-पिता के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा को देखकर महादेव अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्होंने वरदान दिया कि आज से किसी भी मांगलिक या शुभ कार्य में सबसे पहले गणेश की पूजा की जाएगी और जो ऐसा नहीं करेगा, उसका कार्य निर्विघ्न संपन्न नहीं होगा।

## गिलहरी, हंस और ऐज़ल की छुट्टियां



एक दिन ऐज़ल नहा धोकर अपने नानू के साथ बाग़ में गई। उसने देखा वहां आम, अमरूद और लीची के पेड़ हैं जिनके आस पास गिलहरियां फुदक रही हैं। वह झट से वृक्ष पर चढ़ जाती हैं फिर सरपट उतर भी जाती हैं। खाने के लिए इधर उधर ढूंढती रहती हैं। ऐज़ल के स्कूल में सर्दियों की छुट्टियां हुई तो वह अपनी नानी के घर आई। नानी एक छोटे पहाडी शहर में रहती है। वहां एक बहुत पुराना बाग़ है जिसे रानीताल बाग़ भी कहते हैं। बाग़ में मंदिर है जिसके सामने विशाल तालाब है जिसमें मछलियां भी हैं। बाग़ में सुन्दर क्यारियां बनी हुई हैं जिनमें खूब सारे खूबसूरत फूल खिले हए हैं। पीले रंग के गुलाब भी हैं। एक दिन ऐज़ल नहा धोकर अपने नानू के साथ बाग़ में गई। उसने देखा वहां आम, अमरूद और लीची के पेड़ हैं जिनके आस पास गिलहरियां फुदक रही हैं। वह झट से वृक्ष पर चढ़ जाती हैं फिर सरपट उतर भी जाती हैं। खाने के लिए इधर उधर ढूंढती रहती हैं। ऐज़ल को उनका फुदकना, एक दूसरे के साथ खेलना, लड़ना बहुत अच्छा लगा। उसने पूछा, नानू यह मेरी दोस्त हैं इनको हम क्या खिला सकते हैं। नानू ने कहा, इन्हें मूंगफलियां अच्छी लगती हैं, हम कल इनके लिए लाएंगे। अगले दिन वह कागज़ के लिफाफे में उनके लिए मूंगफलियां लेकर गई। उनके आगे पीछे घूमती रही, ज़मीन पर मूंगफलियां रखती रही। गिलहरियों से कहती रही, प्लीज़ मेरी मूंगफली खा लो। थोड़ी देर बाद जब एक गिलहरी दोनों हाथों में मूंगफली पकड़कर खाने लगी तो ऐज़ल खुद गिलहरी की तरह उछलकर कहने लगी नानू, गिलहरी ने मेरी मूंगफली खा ली। वह बहुत खुश हुई और गिलहरी को थैंकयू कहा। अगले दिन रविवार था। अच्छी धूप खिली हुई थी। वह अपनी नानी और नानू के साथ बाग़ में पहुंची तो उसने जीवन में पहली बार हंस पक्षी देखे। एक दो नहीं छ हंस बाग़ में इक्कठे यहां वहां घूमते मिले । रविवार की छुट्टी के कारण काफी अभिभावक और बच्चे आए हुए थे। जब लोग हंसों के ज़्यादा पास जाते तो वे पक्षी परेशान दिखते, मिलकर आवाजें निकालते मानो एक दूसरे को समझा रहे हों कि चौक्कने रहो, चलो यहां से चलते हैं। तभी कुछ देर बाद सभी हंस तालाब में तैरने लगे। ऐज़ल, नानी और नानू वहां बनी सीढ़ियों पर बैठ गए। हंस तैरते रहे, नहाते, कलाबाजियां खाते, मस्ती करते रहे। ऐज़ल ने ऐसा दृश्य, अपनी आँखों के सामने पहली बार देखा तो उसे बहुत खुशी हुई। हंस जब पूरे पंख फैलाते तो कहती, इनके पंख कितने सुन्दर हैं, उन पर डिजाईन भी अलग अलग हैं। वे लम्बी चोंच से कीड़े या छोटी छोटी मछलियां पकड़ कर खाते रहते। कुछ बच्चे खाने के लिए उन्हें चिप्स दे रहे थे तो ऐज़ल ने उनसे कहा, प्लीज़ आप उनको चिप्स न दें, यह उनके स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं। किसी दिन सभी हंस ज़मीन पर बैठ, गर्दन दुबकाकर धूप में सोए रहते, कई बार तो एक टांग पर खड़े खड़े ही सुस्ताते दिखे। यह देखकर ऐज़ल को बहुत हैरानी होती। वह नानू से कहती, हंस कितने क्यूट हैं, क्या मैं भी इस तरह खड़े खड़े सो सकती हूं और वह उनकी तरह करने लगती। उसे सचमुच अच्छा लगता। उस दिन ऐज़ल नानी के साथ आई। उसने हंसों को बाग़ में बहती नाली में पानी पीते देखा तो पूछा, ये गंदा पानी क्यूं पी रहे हैं नानी, क्या हम इनको साफ़ पानी नहीं दे सकते। हमारी टीचर कहती है हम सब को साफ़ पानी पीना चाहिए। उसे बाग़ में फेंका कूड़ा भी अच्छा नहीं लगा। चिप्स के कुछ खाली रैपर तो उसने अपने नन्हें हाथों से उठाकर कूड़ेदान में फेंके। कुछ शरारती बच्चे हंसों को भगा रहे थे, उनसे कहा, हमें पक्षियों को तंग नहीं करना चाहिए। वे कितने सुन्दर हैं।



# यमुनाजी में प्रवासी पक्षी (व्यंग्य)

**उनके कम आने का दोष, ग्लोबल क्लाइमेट चेंज को दे सकते हैं। बाईस किलोमीटर में फैली यमुनाजी के प्रदूषित होने का दूसरा कारण, प्रदूषण को मान सकते हैं क्यूंकि बार बार बताया यही जाता है कि लगभग दो दर्जन नाले यमुनाजी के पानी को घेरे रहते हैं। सुना है वहां कूड़ा कचरा भी विसर्जित किया जा रहा है।**

सर्दी के मौसम में विदेशी पक्षी दूर दूर से, हमारी झीलों और नदियों में कुछ समय के लिए रहने, प्रेम करने और प्रजनन जैसे महत्त्वपूर्ण काम के लिए आते हैं। इस बहाने वे विदेश भ्रमण का मज़ा भी लेते हैं। शायद हमारे देश के पक्षी भी विदेश जाते होंगे। उन्हें वहां का साफ़ सुथरा स्वच्छ पर्यावरण बहुत पसंद आता होगा। इधर हमारे जागरूक मीडिया की खबरें बताती हैं कि पिछले दिनों, कुछ विदेशी पक्षियों ने यमुनाजी में प्रवास करने से इनकार कर दिया। हमारे पारदर्शी ईमानदार, संजीदा गणना करने वाले ऐसा कह रहे हैं। उनके अनुसार आने वाले पक्षियों की संख्या पिछले साल से कम है। यमुनाजी का अर्थ पवित्र नदी यमुनाजी से है जिसे देश के करोड़ों लोगों में से कुछ को छोड़कर मां का दर्जा देते हैं। काफी लोग नहीं भी मानते होंगे लेकिन कई रास्तों से बहकर आती सूचनाएं बताती हैं कि यमुनाजी बहुत कूड़ा कचरा वाली हालत में हैं। दशकों की कोशिशें, गहरी योजनाएं और जी तोड़ राजनीतिक मेहनत यमुनाजी को बेहतर हालत में नहीं ला सकी। हो सकता है विदेशी पक्षी इस बात को समझ गए हों। उनके कम आने का दोष, ग्लोबल क्लाइमेट चेंज को दे सकते हैं। बाईस किलोमीटर में फैली यमुनाजी के प्रदूषित होने का दूसरा कारण, प्रदूषण को मान सकते हैं क्यूंकि बार बार बताया यही जाता है कि लगभग दो दर्जन नाले यमुनाजी के पानी को घेरे रहते हैं। सुना है वहां कूड़ा कचरा भी विसर्जित किया जा रहा है। यह भी सुनने में आता रहता है कि विकासजी ने वहां भी विकास करने का राष्ट्रीय ठेका लिया हुआ है जो यमुनाजी को पसंद नहीं आता। लेकिन उसके बस में कुछ नहीं है, पानी में डूबी ज़मीन का निर्जीव टुकड़ा समझदार सक्रिय इंसानों का, बूंद जितना भी बिगाड़ नहीं सकता । यह संभव हो सकता है कि कमबख्त कोहरे के कारण, पक्षियों की गणना उचित तरीके से न हो सकी हो। पक्षियों की गिनती करना मज़ाक नहीं है। पता नहीं यह सही है या गलत, कुछ पक्षियों के भी नखरे होते हैं। वे प्रदूषित पानी में ज़्यादा समय तक नहीं रह पाते। मनचाहा खाना मुश्किल से मिलता है। यमुनाजी के आसपास फैले कचरे में से खाने के लिए ढूंढना पड़ता है। विदेशी पक्षी हैं, स्थानीय इंसान तो नहीं हैं जो यमुनाजी के गंदगी भरे पानी में नहा लें। पक्षी इंसान की तरह तो हो नहीं सकता, वह भी इंसान की तरह व्यवहार करने लगेगा तो कुदरत के अनुशासन का क्या होगा। हमें विदेशी पक्षियों से क्या लेना वे कम आएं या ज़्यादा। हम तो उनका शिकार भी नहीं कर सकते। हमारे पास तो स्थानीय पशुओं की देखभाल करने का समय नहीं है पक्षियों की बात कौन करे। हमारे पास दूसरे ज़रूरी सामाजिक काम हैं। वैसे भी देसी या विदेशी पक्षी, प्रकृति के बच्चे हैं। प्रकृति को ही सोचना विचारना चाहिए, ध्यान रखना चाहिए कि उनके बच्चों को कहां जाना चाहिए कहां नहीं। इंसान को कोई फर्क नहीं पड़ता क्यूंकि वह पक्षी नहीं है। वह तो यमुनाजी में क्रूज और झाग दोनों का मज़ा ले सकता है। हो सकता है भविष्य में पक्षियों को यहां का नया पर्यावरण लुभा ले और यह खबर छपे कि यमुनाजी में प्रवासी पक्षियों की संख्या बढ़ती जा रही है।

# काल के कपाल पर




अगर शरीर थोड़ा बलशाली हुआ तो साहित्यिक सेमिनारों में लात-घूँसे भी चला दूँ—क्योंकि आजकल विचारों से नहीं, हाथों से विमर्श होता है। दो-चार अकादमियों की कुर्सियाँ मिल जाएँ, सरकारी खर्चे पर विदेश भ्रमण हो जाए तो और भी अच्छा—क्योंकि हिंदी का प्रचार भारत में नहीं, विदेश में जाकर ही संभव है!

कहते हैं, काल के कपाल पर पहले से ही हमारा भूत, वर्तमान और भविष्य अंकित होता है—हम बस वही जीते हैं जो ऊपर वाले ने लिख दिया है। पर कभी-कभी मन करता है कि इस 'कॉस्मिक पांडुलिपि' में एक-दो पंक्तियाँ अपनी मर्ज़ी की भी जोड़ दी जाएँ—कम-से-कम एक 'फुटनोट' तो लेखक स्वयं भी लिख सके!

मेरा मन तो बस इतना चाहता है कि जीवन के इस साहित्यिक कापी पर कहीं लिखा जाए—'यह लेखक किसी गुट का हिस्सा है।' क्योंकि बिना गुट के लेखक का हाल वैसा ही होता है जैसे गली में अकेली चलती अबला—हर किसी की नजर में 'खतरा'। जबसे कहा है कि 'मैं किसी गुट का नहीं', तबसे मुझ पर शोध-प्रबंध शुरू हो गया है—कौन-से शब्दों से मेरी विचारधारा झलकती है, किस पंक्ति में कौन-सा खेमापन है। साहित्य में गुटबाज़ी आज मठों का नया धर्म है—जहाँ नए लेखक मुर्गों की तरह पाले जाते हैं, हलाल के पहले तक खूब खिलाए-पिलाए जाते हैं। मैं सोचता हूँ—हलाल तो होना ही है, तो क्यों न किसी संपन्न मठ का हिस्सा बन जाऊँ!

बिना गुट का लेखक वैसा ही है जैसे निर्दलीय उम्मीदवार—न जीत पक्की, न हार तय। जीतता है तो भी कोई पूछता नहीं, हारता है तो सब 'इंडिपेंडेंट' कहकर हँसते हैं। किसी मठ में शामिल हो लूँ तो शायद मेरे लेखन का वजन बढ़ जाए, वरना मेरे पन्ने तो निंदा और उपेक्षा की हवाओं में उड़ते रहेंगे।

सोचता हूँ, अगर कभी मुझे अपने कपाल पर खुद लिखने की छूट मिले तो मैं आत्मकथा ही लिख दूँ—'संघर्षों का संन्यासी, अभावों का अवतार।' कुछ पुरानी रचनाएँ, कुछ कबाड़ से जोड़-घटाकर 'मेरी 51 श्रेष्ठ रचनाएँ' नामक पुस्तक निकाल दूँ। कुछ किताबें कोर्स में लग जाएँ, तो जीवन धन्य! अगर कोई प्रकाशक साथ न दे, तो खुद का ही प्रकाशक बन जाऊँ—कम से कम अस्वीकृति के खतों का दुख नहीं रहेगा।

और अगर लेखन से ऊब जाऊँ, तो आलोचक बन जाऊँ—क्योंकि आलोचना ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जहाँ न लेखन चाहिए, न प्रेरणा, बस शब्दों की तोप चाहिए।

मेरी योजना साफ़ है—कुछ छात्र मेरी रचनाओं पर शोध कर लें, वही रचनाएँ जिन पर कभी संपादक ने 'हमें खेद है' लिखकर लौटा दी थीं। यही तो लेखक की यात्रा है—संपादक के खेद से लेकर शोधार्थी के शोध तक। फिर अपने दादाजी की स्मृति में एक पुरस्कार भी स्थापित कर दूँ—साहित्य सेवा में दादाजी का कालजयी योगदान तो था ही, वे गाँव में लोकगीत सुनते थे! पुरस्कार की राशि थोड़ी कम रखूँ ताकि ज्यादा लोग सम्मानित हों, और जो मना करें, उनके खिलाफ़ साहित्यिक समाज में बहिष्कार प्रस्ताव पास कर दूँ।

अगले जन्म में अगर भगवान पूछें तो यही कहूँगा—'मुझे आलोचक बनाना।' मैंने पहले से तैयार टेम्पलेट रखे हैं; बस नाम बदलकर किसी की भी आलोचना प्रकाशित कर सकता हूँ। 'सम' और 'विषम' का अपना फॉर्मूला रहेगा—मेरे गुट की रचनाएँ सम, दूसरों की विषम।

अगर शरीर थोड़ा बलशाली हुआ तो साहित्यिक सेमिनारों में लात-घूँसे भी चला दूँ—क्योंकि आजकल विचारों से नहीं, हाथों से विमर्श होता है। दो-चार अकादमियों की कुर्सियाँ मिल जाएँ, सरकारी खर्चे पर विदेश भ्रमण हो जाए तो और भी अच्छा—क्योंकि हिंदी का प्रचार भारत में नहीं, विदेश में जाकर ही संभव है! वहाँ के साहित्य को हिंदी में अनुवाद करके हम उसे 'भारतीय' कह देंगे—अंतरराष्ट्रीयता का नया फॉर्मूला यही है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रात: 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai
Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682